# भारत – सेशल्स संबंध

## राजनीतिक संबंध

घनिष्ठ मित्रता, समझ और सहयोग भारत - सेशल्स संबंधों की विशेषता है। सेशल्स के साथ राजनयिक संबंध 1976 में इसकी आजादी के बाद स्थापित हुए थे, परंतु उनकी शुरुआत उससे भी पहले हो गई थी। । विक्टोरिया में भारतीय मिशन की स्थापना वर्ष 1979 में हुई थी और उच्चायुक्त दार एस्सलाम में बैठते थे जिन्हें साथ ही सेशल्स को भी प्रत्यायित किया गया था। विक्टोरिया में पहला रेजीडेंट उच्चायुक्त 1987 में बैठाया गया था, जबकि सेशल्स ने नई दिल्ली में वर्ष 2008 के आरंभ में अपना रेजीडेंट मिशन खोला था।

## द्विपक्षीय करार

दोनों देशों के बीच अनेक द्विपक्षीय करारों / एम ओ यू पर हस्ताक्षर किए गए हैं जैसे कि सांसकृतिक विनिमय कार्यक्रम (2003-05); हवाई सेवा करार (1981); पर्यटन पर करार (1996); व्यापार करार (2000); संयुक्त व्यवसाय परिषद (2000); स्वास्थ्य देखरेख, रक्षा तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर एम ओ यू (2003); द्विपक्षीय निवेश संवर्धन एवं संरक्षण करार (बी आई पी पी ए ) (जून 2010); सेशल्स में एक सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र स्थापित करने के लिए एम ओ यू (फरव री 2010); सेशल्स में भारतीय नौसेना का एक डोर्नियर एयरक्राफ्ट तैनात करने के लिए एम ओ यू (फरवरी, 2011); सेशल्स को एक नए डोर्नियर एयरक्राफ्ट की आपूर्ति के लिए एम ओ यू (फरवरी 2012); और सेशल्स को एक तटीय निगरानी रडार प्रणाली की आपूर्ति के लिए एम ओ यू (फरवरी 2012)। अप्रैल-मई 2012 में हमारे राष्ट्रपति की सेशल्स यात्रा के दौरान पुलिस अनुसंधान / प्रशिक्षण संबंधी समझौता ज्ञापन और युवा मामलों एवं खेल में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे।

मार्च 2015 में प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान चार करारों पर हस्ताक्षर किए गए अर्थात (1) नवीकरणीय ऊर्जा सहयोग पर एम ओ यू, (2) जल विज्ञान के क्षेत्र में सहयोग के लिए एम ओ यू, (3) नेवीगेशनल चार्ट / इलेक्ट्रानिक नेवीगेशनल चार्ट की बिक्री पर प्रोटोकाल, और (4) एजम्पशन आइलैंड पर सुविधाओं के विकास के लिए करार।

सेशल्स के राष्ट्रपति जेम्स एलिक्स माइकल ने 25 से 27 अगस्त 2015 के दौरान भारत का राजकीय दौरा किया। इस यात्रा के दौरान द्विपक्षीय हवाई सेवा, कृषि सहयोग, नीली अर्थव्यवस्था, कर सूचना विनिमय और सेशल्स को दूसरा डोर्नियर एयरक्राफ्ट दान में देने के लिए पांच करारों पर हस्ताक्षर किए गए।

## यात्राओं का आदान – प्रदान

सेशल्स की आजादी के बाद से दोनों पक्षों की ओर से उच्च स्तरीय दौरे किए गए हैं।

**सेशल्स की ओर से -** सेशल्स के शीर्ष नेताओं ने नियमित रूप से भारत का दौरा किया है। पूर्व राष्ट्रपति अल्बर्ट रेनी ने 1980, 1986 और 1990 में भारत का दौरा किया। राष्ट्रपति जेम्स माइकल ने उप राष्ट्रपति की हैसियत से 1994, 1996 और 1999 में तथा राष्ट्रपति के रूप में जुलाई 2005, जून 2010, फरवरी 2011, फरवरी 2012 और अगस्त 2015 में भारत का दौरा किया। अगस्त 2015 में उनकी राजकीय यात्रा

के दौरान उनके साथ विदेश एवं परिवहन मंत्री जोएल मोर्गन तथा व्यापार, वित्त एवं नीली अर्थव्यवस्था मंत्री जीन पॉल एडम भी आए थे। विदेश मंत्री मोर्गन ने 28 और 29 अक्टूबर 2015 को नई दिल्ली में आयोजित तीसरी भारत - अफ्रीका मंच शिखर बैठक (आई ए एफ एस 3) में राष्ट्रपति माइकल का प्रतिनिधित्व किया।

भारत की ओर से- भारत की ओर से विगत दौरे इस प्रकार हैं- प्रधानमंत्री श्रीमती प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी (1976 और 1981); राष्ट्रपति श्री आर. वेंकटरमन (1989); उप राष्ट्रपति डॉ0 शंकर दयाल शर्मा (1991); उप राष्ट्रपति श्री भैरों सिंह शेखावत (2003); विदेश मंत्री श्री एस . एम . कृष्णा (जुलाई 2010); रक्षा मंत्री श्री ए. के. एंटनी (जुलाई 2010); और राष्ट्रपति प्रतिभा देवीसिंह पाटिल (2012); प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी (2015)।

10 और 11 मार्च 2015 को प्रधानमंत्री मोदी की सेशल्स यात्रा भारत की ओर से 34 वर्षों में प्रधानमंत्री के स्तर पर पहली यात्रा थी। पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने 1976 एवं 1981 में सेशल्स का दौरा किया था। सारवान परिणामों के साथ यह बहुत ही सफल यात्रा थी जिसमें अन्य बातों के साथ चार करारों / एम ओयू पर हस्ताक्षर, तटीय निगरानी रडार प्रणाली (सी एस आर एस ) परियोजना का उद्घाटन, सेशल्स को दूसरे डोर्नियर एयरक्राफ्ट को दान में देने की घोषणा और भारत की यात्रा करने के लिए सेशल्स के नागरिकों के लिए तीन माह का मुफ्त वीजा शामिल है। 4000 से अधिक श्रोताओं के लिए एक इंडोर स्टेडियम में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सार्वजनिक संबोधन की खासियत यह थी कि उसमें सेशल्स की अनेक गणमान्य हस्तियां तथा भारतीय समुदाय के सदस्य मौजूद थे।

कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य मंत्री श्री राजीव प्रताप रुडी ने आई ए एफ एस - 3 के लिए सेशल्स के राष्ट्रपति और विदेश मंत्री को निजी तौर पर निमंत्रण पत्र सौंपने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के विशेष दूत के रूप में 4 से 7 जुलाई 2015 के दौरान सेशल्स का दौरा किया। संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री महेश शर्मा ने "इंडिया फेस्ट 2015" और तीसरे सेशल्स इंडिया डे के सिलसिले में 4 से 6 अक्टूबर 2015 तक सेशल्स का दौरा किया।

**रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग**

भारत और सेशल्स के बीच रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग का एक विस्तृत वास्तुशिल्प है जो जलदस्युता की बढ़ती समस्या तथा सामरिक हिंद महासागर क्षेत्र में अन्य आर्थिक अपराधों के कारण पिछले कुछ वर्षों में गहन हुआ है। इस क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग अनेक क्षेत्रों में अभिव्यक्त हुआ है जिसमें समुद्री सुरक्षा, जल दस्युता रोधी अभियान, हवाई निगरानी, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण शामिल हैं। वर्ष 2014 और 2015 के दौरान सहयोग के महत्वपूर्ण क्षेत्रों का सारांश यहां नीचे दिया गया है :

- पिछले दो वर्षों में भारत - सेशल्स रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग और गहन हुआ है जो विशेष रूप से समुद्री सुरक्षा तथा सेशल्स के व्यापक अनन्य आर्थिक क्षेत्र की निगरानी पर केन्द्रित है। इस सहयोग का एक महत्वपूर्ण पहलू विशिष्ट आवंटनों के साथ भारतीय नौसेना एवं तटरक्षक जलयानों द्वारा सेशल्स की

यात्राएं हैं। आई एन एस त्रिशूल ने ई ई जेड निगरानी के अपने मिशन के अंग के रूप में 29 अप्रैल से 7 मई 2014 तक सेशल्स का दौरा किया। 6 माह बाद आई एन एस सुकन्या ने एक अनुसूचित समुद्री गश्त विजिट पर 23 अक्टूबर 2014 से नवंबर 2014 तक सेशल्स का दौरा किया, जिसके दौरान इसने सेशल्स द्वीप समूह के दक्षिणी समुद्र में ई ई जेड निगरानी की। आई एन एस तेग ने 29 जून 2015 को सेशल्स के राष्ट्रीय दिवस समारोह के अवसर पर जून 2015 के आखिरी सप्ताह में विक्टोरिया में पोर्ट काल किया। आई एन एस तेग ने 30 जून से 6 जुलाई 2015 तक दूर दराज के बाहरी द्वीपों के चारों ओर सेशल्स के दक्षिणी समुद्र की ई ई जेड निगरानी की। भारत से तीन प्रशिक्षण जलयानों (आई एन एस तीर, आई एन एस सुजाता और आई सी जी एस वरुण) ने ई ई जेड निगरानी और द्विपक्षीय अभ्यास के लिए 1 से 13 अक्टूबर 2015 तक सेशल्स का दौरा किया। मार्च 2015 में प्रधानमंत्री की सेशल्स यात्रा के दौरान जल विज्ञान पर हस्ताक्षरित एम ओ यू के अनुसरण में आई एन एस दर्शक ने विक्टोरिया बंदरगाह तथा आसपास के क्षेत्रों का जल विज्ञानी सर्वेक्षण करने के लिए 5 नवंबर से 19 दिसंबर 2015 तक तक सेशल्स का दौरा किया।

- सेशल्स के समुद्र, जो 1.3 मिलियन वर्ग किलो मीटर से अधिक के एक विस्तृत अनन्य आर्थिक जोन (ईईजेड) को कवर करता है, की निगरानी और गश्त की क्षमता को बढ़ाने के लिए 7 नवंबर 2014 को सेशल्स को एक भारतीय नौसेना जहाज आईएनएस तरासा उपहार में दिया गया। भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर के धवन ने राष्ट्रपति जेम्स माइकल की उपस्थिति में औपचारिक हैंड ओवर समारोह के लिए सेशल्स का दौरा किया। सेशल्स कोस्ट गार्ड के बेड़े में शामिल होने पर इस जहाज को 'पीएस कॉन्स्टेंट' नाम दिया गया। वर्ष 2006 में भेंट किए गए पीएस टोपाज के बाद यह सेशल्स को भेंट किया गया दूसरा भारतीय नौसेना जहाज था। आईएनएस तरास की सुपुर्दगी और चीफ ऑफ नेवल स्टाफ के दौरे के साथ-साथ, पश्चिमी बेड़े से तीन भारतीय नौसैनिक जहाज आईएनएस दीपक, आईएनएस मुम्बई और आईएनएस तलवार ने 6 से 9 नवंबर 2014 तक विक्टोरिया में पोर्ट कॉल्स की।

- इससे पहले जून 2014 में सेशल्स लोक रक्षा बल (एस पी डी एफ ) ने भारत सरकार से दो सैन्य वाहनों को दान में प्राप्त किया था।

- द्विपक्षीय रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग के भाग के रूप में, भारत में एस पी डी एफ के लिए आई टी ई सी के अंतर्गत क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए गए , एस पी डी एफ के साथ आई टी ई सी से प्रतिनियुक्तियां की गईं, जिनमें सैन्य सलाहकार, समुद्रतटीय सुरक्षा सलाहकार, चिकित्सा सलाहकार और नौसेना सलाहकार (तकनीकी) शामिल हैं। जून 2015 से सेशल्स तटरक्षक के साथ एक 5 सदस्यीय भारतीय एफलोट सपोर्टिंग तैनात की गई है। अगस्त 2015 से सेशल्स में एक 8 सदस्यीय डोर्नियर समुद्री विमानन विशेषज्ञ टीम तैनात की गई है।

**विकास सहायता**

भारत सेशल्स को 1980 के दशक के आरंभ से सिविलियन, रक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में आईटीईसी कार्यक्रम के तहत उदार सहायता प्रदान करता आ रहा है और इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों से अब तक सेशल्स के लगभग 1000 लोग लाभान्वित हो चुके हैं। पूर्व राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटिल के सेशल्स दौरे के दौरान, भारत ने सेशल्स सरकार को 50 मिलियन यूएस डॉलर लाइन्स ऑफ क्रेडिट के रूप में और 25 मिलियन यूएस डॉलर अनुदान के रूप में देने की घोषणा की थी। भारत सेशल्स को वित्तीय सहायता के साथ-साथ भौतिक सहायता के रूप में भी विकास सहायता प्रदान करता आ रहा है। सेशल्स का विक्टोरिया अस्पताल पैन-अफ्रीकन सेटेलाइट टेली-मेडिसिन सिस्टम के अंतर्गत भारत के बड़े अस्पतालों से जुड़ा हुआ है। भारत सरकार की सहायता से विक्टोरिया में स्थापित उत्कृष्ट आईटी केंद्र का उद्घाटन अप्रैल 2011 में किया गया था।

**वाणिज्यिक संबंध :**

यद्यपि फिलहाल आर्थिक एवं वाणिज्यिक सहयोग कम है, तथापि इस क्षेत्र में सहयोग की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। इस समय भारत से सेशल्स जिन वस्तुओं का आयात करता है उनमें मुख्य रूप से चावल, विविध खाद्य उत्पाद, सीमेंट, लिनन, काटन, वाहन एवं संबद्ध परिवहन उपकरण , दवाएं, चिकित्सा, सर्जरी तथा डेंटल प्रयोग के लिए इंस्ट्रूमेंट एवं अपलायंस शामिल हैं। 2014 में भारत से कुल आयात का मूल्य 43.80 मिलियन अमरीकी डालर था, जबकि भारत को कुल निर्यात का मूल्य मात्र 0.023 मिलियन अमरीकी डालर था।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने वर्ष 1978 से सेशल्स में एक सफल विदेशी शाखा चला रखी है और लाभकारी व्यवसाय कर रहा है। एक अन्य बड़ा निवेश भारतीय कंपनी मैसर्स भारती एयरटेल टेलीकॉम ग्रुप द्वारा किया गया है जिसने 25 मिलियन यूएस डॉलर से अधिक का निवेश किया है और 1998 से सेशल्स में एयरटेल मोबाइल टेलीफोन एवं इंटरनेट सेवाएं स्थापित कर रखी हैं। माहे द्वीपसमूह के अन्य क्षेत्रों में आने-जाने के लिए सेशल्स की राजधानी विक्टोरिया की शहरी बस सेवा की जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिकांश बसें अब तक टाटा ने उपलब्ध कराई हैं।

सितंबर 2014 में हस्ताक्षरित एक एम ओ यू के अनुसरण में एयर सेशल्स ने 2 दिसंबर 2014 को माहे और मुंबई के बीच सप्ताह में तीन बार सीधे उड़ानें शुरू की (जनवरी 2016 से उड़ानों की संख्या बढ़ाकर सप्ताह में पांच बार कर दी गई है)। सीधे वायुमार्गीय संपर्क से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश, पर्यटकों के आवागमन और लोगों के आपसी संपर्क में वृद्धि होने की उम्मीद है।

**सांस्कृतिक संबंध :**

भारत और सेशल्स के बीच सांस्कृतिक सहयोग हमेशा से उल्लेखनीय रहा है। उल्लेखनीय द्विपक्षीय सांस्कृतिक आदान प्रदान ने निम्नलिखित शामिल हैं : 2013, 2014, 2015 में विक्टोरिया में आयोजित सेशल्स इंडिया डे के तीन संस्करण जिन्हें इंडियन एसोसिएशन ऑफ सेशल्स द्वारा सेशल्स के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय तथा भारतीय उच्चायोग के साथ संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। भारत महोत्सव "इंडिया फेस्ट 2015" जिसे तीसरे सेशल्स इंडिया डे के अवसर पर अक्टूबर 2015 में सेशल्स में

आयोजित किया गया, बहुत सफल रहा। संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री महेश शर्मा ने भारत महोत्सव और तीसरे सेशल्स इंडिया डे के सिलसिले में 4 से 6 अक्टूबर 2015 तक सेशल्स का दौरा किया। उन्होंने इंडिया फेस्ट 2015 से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया जिसमें एक अनन्य इंडिया इवनिंग शामिल है जिसके दौरान महान संगीतज्ञ ए आर रहमान को सेशल्स के सांस्कृतिक दूत की पदवी प्रदान की गई। इस महोत्सव की खासियत भारत से विशेष रूप से इसके लिए भेजे गए कलाकारों एवं नृत्य मंडलियों द्वारा दर्शनीय परफार्मेंस के अलावा सुदर्शन पटनायक द्वारा सैंड कला कृतियां थीं।

मार्च 2006 में कोलकाता के अलीपोर चिड़ियाघर के सेशल्स मूल के कछुओं के मर जाने के कारण, राष्ट्रपति माइकल ने दोनों देशों के बीच मैत्री एवं सद्भावना को रेखांकित करते हुए, अक्टूबर 2014 में अलीपोर चिड़ियाघर को उनकी जगह उसी तरह के दो बड़े अलडाबरा कछुए भेंट किए।

21 जून 2015 को सेशल्स में पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रमों में सवेरे बड़े पैमाने पर योग की कक्षा, योग पर सप्ताह पर चलने वाली प्रदर्शनी का उद्घाटन और एक सेमिनार सह योग प्रदर्शन शामिल थे। इस अवसर पर सेशल्स के लोगों को विवेकानंद योग क्लब को समर्पित करते हुए उच्चायोग परिसर में एक पट्टिका का अनावरण किया गया।

भारतीय सेना की मोटर साइकिल राइडर्स डिस्प्ले टीम "श्वेत अश् " ने 29 जून 2015 को सेशल्स के राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लिया। सेशल्स के राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर आयोजित एक अंतर्राष्टीय टूर्नामेंट के लिए भारत की पुरुष एवं महिला राष्ट्रीय वालीबाल टीमों ने भी सेशल्स का दौरा किया।

**भारतीय समुदाय**

भारत का सेशल्स के साथ वहां के भारतीय नागरिकों के रूप में महत्वपूर्ण संपर्क है जो इस द्वीपसमूह के सबसे पुराने निवासियों में से हैं, जो मुख्यत : तमिलनाडु से हैं और बाद में गुजरात से आए लोग हैं। वे यहां व्यापारियों, श्रमिकों, निर्माण श्रमिकों, और हाल ही में व्यवसायविदों के रूप में आए। पी आई ओ सहित भारतीय नागरिकों की संख्या 10,000 है जो ऐसे देश में काफी अधिक है जिसकी कुल आबादी मात्र 91,000 है। 1992 में निर्मित एक हिंदू मंदिर - भगवान नवश क्ति विनायगर मंदिर विक्टोरिया में पर्यटकों के आकर्षण का एक प्रमुख केन्द्र है। भारतीय समुदाय विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, टाक शो, म्यूजिक कंसर्ट आदि के आयोजन के अलावा हर साल होली, जन्माष्टमी, दशहरा और दीवाली मनाता है। भारतीय समुदाय हर साल अक्टूबर में वार्षिक भारत - सेशल्स दिवस के आयोजन में भी आगे रहता है। भारतीय समुदाय सेशल्स के जीवन के सभी क्षेत्रों में, विशेष रूप से व्यापार में स्पष्ट रूप से दिखता है। दरअसल इस देश में सभी दुकानों के मालिक तमिल समुदाय के लोग हैं। रियल एस्टेट व्यवसाय तथा निर्माण उद्योग का एक बड़ा हिस्सा गुजराती समुदाय के नियंत्रण में है।

सेशल्स से दो पी आई ओ को प्रतिष्ठित प्रवासी भारतीय सम्मान प्रदान किया गया है - 2006 में डा. वी रामदास को और 2015 में न्यायमूर्ति डी करुणाकरन को।

**उपयोगी संसाधन :**

भारतीय उच्चायोग, सेशल्स की वेबसाइट:
http://www.hciseychelles.com
भारतीय उच्चायोग, सेशल्स का फेसबुक पृष्ठ : https://www.facebook.com/hcimahe

*****

**जनवरी, 2016**